भारत सरकार
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2033
उत्तर देने की तारीख 19 दिसंबर, 2022
सोमवार, 28 अग्रहायण, 1944 (शक)

प्रवासी कौशल विकास योजना

2033. श्री श्याम सिंह यादव:

क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) प्रवासी कौशल विकास योजना (पीकेवीवाई) के तहत प्रशिक्षित और प्रमाणित व्यक्तियों की संख्या कितनी है;

(ख) पीकेवीवाई के तहत प्रशिक्षण प्राप्त किए जाने के बाद विभिन्न देशों में नौकरियां हासिल करने वाले व्यक्तियों की संख्या वास्तव में कितनी है; और

(ग) उन देशों के नाम क्या हैं जहां पीकेवीवाई के तहत प्रशिक्षित लोगों को रोजगार प्राप्त हुआ है?

उत्तर
कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री
(श्री राजीव चंद्रशेखर)

(क) महोदय, इस पीकेवीवाई स्कीम के अंतर्गत, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) विदेश मंत्रालय (एमईए) के सहयोग से संभावित प्रवासियों को प्रस्थान-पूर्व उन्मुख प्रशिक्षण (पीडीओटी) प्रदान कर रहा है ताकि उनके पास विदेशी गंतव्यों में प्रतिस्पर्धा करने के लिए आवश्यक सॉफ्ट स्किल्स हों। इस उन्मुखीकरण में भाषा, संस्कृति, उत्प्रवास प्रक्रिया, कल्याणकारी उपाय, और गंतव्य देश में क्या करें और क्या न करें के पहलू शामिल हैं। 8 घंटे का प्रशिक्षण पूरा करने के बाद उम्मीदवारों को प्रमाण-पत्र दिया जाता है। जनवरी 2018 से पीडीओटी, पीकेवीवाई (30 नवंबर 2022 तक) के अंतर्गत 1,11,008 उम्मीदवारों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

(ख) और (ग) महोदय, मंत्रालय विभिन्न देशों में नौकरी पाने वाले पीडीओ प्रशिक्षित व्यक्तियों से संबंधी आंकड़े नहीं रखता है।

****